।पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्।

# राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

दीनदयाल उपाध्याय सर्किल के पास, विजय भवन पैलेस, बीकानेर (राज.)

# सूचना

## राजुवास का षष्ठम् दीक्षान्त समारोह 21 मार्च 2023

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर का षष्ठम् दीक्षान्त समारोह 21 मार्च 2023 मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर, बीकानेर में आयोजित होने जा रहा है। इस दीक्षान्त समारोह मे जिन विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 मे स्नात्तक की परीक्षा 10 मार्च 2023 तक उत्तीर्ण की हो तथा जिन विद्यार्थियों का मास्टर्स (निष्णात) एवं विद्या–वाचस्पति स्तर का परीक्षा परिणाम, 25 फरवरी 2023 तक घोषित हो चुका है, उन्हीं विधार्थियों को विश्वविद्यालय के षष्ठम् दीक्षान्त समारोह में उपाधि तथा मैडल इत्यादि विश्वविद्यालय नियमानुसार प्रदान किये जायेंगे।

**डिग्री/मैडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित पोशाक :**

**पुरूष** – काले रंग की पेन्ट, सफेद रंग की शर्ट, सफेद मौजे तथा काले जूते।

**महिला** – सफेद सलवार – सूट, सफेद दुपट्टा, काले सैन्डिल।

विश्वविद्यालय के षष्ठम् दीक्षान्त समारोह में उपाधियां व मैडल प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को निदेर्शित किया जाता है कि उनका दिनांक 20.03.2023 प्रातः 11 बजे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। दीक्षान्त समारोह के लिए निर्धारित पोशाक की व्यवस्था सम्बन्धित विधार्थी द्वारा अपने स्वयं के स्तर पर करनी होगी। दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाले विधार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर online पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

इस दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट (**www.rajuvas.org**) पर अपडेट हेतु उपलब्ध जानकारी का अवलोकन करते रहें।

**परीक्षा नियंत्रक**